# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 15.08.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 15.08.2025

#### अनधिकृत पेट्रोल, डीजल स्टेशनों पर करें कार्रवाई

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बृहस्पतिवार को वीडीए के कार्यों की समीक्षा की। कहा कि अनधिकृत रूप से संचालित पेट्रोल, डीजल, सीएनजी फिलिंग स्टेशनों के खिलाफ कार्रवाई करें। टॉप-10 बकायेदारों और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करें। बताया कि शमन शुल्क के मद में 31,09,555 रुपये प्राधिकरण कोष में जमा किए गए। ब्यूरो

### अमर उजाला–दि0 15.08.2025

#### बेसमेंट खाली करवाकर पार्किंग की व्यवस्था बनाएं

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बृहस्पतिवार को वीडीए सभागार में बैठक की। उन्होंने सील प्रकरणों की जांच कर बेसमेंट खाली कर पार्किंग व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। कहा कि जनता से जुड़ी शिकायत एक सप्ताह में दूर कराएं। शहर में अनियोजित विकास और अवैध प्लाटिंग को चिह्नित कर ध्वस्त कराएं। सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा में इस माह शमन शुल्क के मद में 4,60,000 रुपये जमा कराए गए। इस वित्तीय वर्ष में शमन धनराशि 2,63,47,936 रुपये जमा हुए। संवाद

न्यायाधीश—दि0 15.08.2025

## सचिव द्वारा की गई विभिन्न जोनों के कार्यों की प्रगति समीक्षा

वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ0 वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा जोन.3 ;वाड.दशाश्वमेध चेतगंज चौक व कोतवाली जोन.4 ;भेलूपुर व नगवां जोन.5 ;रामनगर व मुगलसराय का 10 दिन कार्यों के प्रगति ;01.08.2025 से 10.08.2025 तक,विगत 3 माह के पूर्व निर्देशित बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आहूत की गयी।